### सुभाषनगर फ्लाईओवर का काम धीमा

# बिजली लाइन व पोल शिफ्टिंग का रिवाइज एस्टीमेट अटका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हाट की चौकी से कॉमर्स कॉलेज तक बन रहे सुभाषनगर फ्लाईओवर का काम समय पर पूरा होना मुश्किल है। इसके तीन प्रमुख कारण है। एक तो सिविल ठेकेदार लापरवाही कर रहा है। दूसरा बिजली लाइन और पोल शिफ्टिंग को लेकर भोपाल भेजे गए रिवाइज एस्टीमेट को मंजूरी नहीं मिल पाई है। तीसरा रेलवे समपार फाटक के ऊपर वाला मुख्य हिस्सा बनाने वाला ठेकेदार भी लेटलतीफी कर रहा है। सीमेंट कांक्रीट के नीचे ही पानी की पाइप लाइन को भी दबा दिया है। नगर निगम के अफसरों को पता नहीं हैं। कुछ रहवासियों ने जलप्रदाय अमले को जानकारी दी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। फ्लाईओवर 552 मीटर लंबा बनना है। इसमें दोनों तरफ की 480 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल सेतु विकास निगम का ठेकेदार, 72 मीटर लंबा रेलवे फाटक के ऊपर वाला मुख्य हिस्सा रेलवे का ठेकेदार बना रहा है।



बॉक्स बनाने लाइन के ऊपर सीसी वर्क करते ठेकेदार के कर्मचारी।

### ऐसे बन रहा फ्लाईओवर

- कहां से कहां तक- सुभाष नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज तक
- लंबाई - लगभग 552 मीटर
- सेतु विकास निगम का हिस्सा -480 मीटर
- रेलवे फाटक का ऊपरी हिस्सा - 72 मीटर
- पिलर - 13
- प्रभावित - 108 (घर व दुकान)
- शुरुआत - जून 2020
- पूर्णता अवधि - 18 महीने

### अब 34 करोड़ रुपए में बनेगा फ्लाईओवर

लगातार हो रही लेटलतीफी के कारण फ्लाईओवर की लागत 25 करोड़ से बढ़कर 34 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। सबसे मुख्य है बिजली लाइन व पोल शिफ्टिंग। 2016 में जब योजना बनी थी, तब बिजली कंपनी ने 38 लाख का खर्च बताया था। यह बढ़कर अब 2.35 करोड़ हो गया है। इसके अलावा पहले दोनों तरफ के हिस्से में आरई की दीवार की जगह रिटेनिंग वाल और रहवासियों के आने-जाने के लिए तीन-तीन अंडर पास भी बनाए जा रहे हैं। इसके सहित मुआवजा राशि में भी एक करोड़ का इजाफा हो गया है, जो 12 प्रभावित को बंटना बाकी है।

*बिजली लाइन शिफ्टिंग के प्रपोजल को मंजूरी नहीं मिल पाई है, सुभाषनगर फ्लाईओवर का काम बहुत धीमा चल रहा है। ठेकेदार छोटे-मोटे काम कर रहा है।*

**आरके गुप्ता,** एसडीओ-सेतु विकास निगम, रतलाम

*जिस तरह से काम चल रहा है, उससे दो साल में ब्रिज बनने वाला नहीं है। पानी की लाइन को भी सीमेंट कांक्रीट में दबा दिया है। निगम को सूचना दी थी कोई देखने तक नहीं आया।*

**रवि वर्मा,** रहवासी

भास्कर
20/11/21

## आवासीय, दुकान, कमर्शियल, फ्लैट आदि की जानकारी होगी तैयार

# सिविक सेंटर के कब्जों की नगर निगम तैयार करेगा कुंडली, अवैध कब्जेधारियों के नाम भी आएंगे सामने

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्षियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। सिविक सेंटर में अवैध और वैध तरीके से रहने वाले सभी की जानकारी अलग-अलग तैयार करने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुक्रवार को विकास शाखा की समीक्षा के दौरान दिए। इसके साथ ही भूखंड, फ्लैट, कमर्शियल, आवासीय आदि की जानकारी भी अलग से तैयार की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की सपत्तियों का शीघ्र निराकरण किया जाए जिससे निगम की आय तो बढ़े ही उन संपत्तियों का निराकरण भी हो सके।



विकास शाखा के कार्यों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त।

## राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्ति होगी निरस्त

वर्ष 1995 में पहले आओ-पहले पाओ पद्धति से किए गए पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राशि जमा नहीं करने से निरस्ती योग्य। जिन व्यक्तियों ने संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तों अनुरूप जमा की गई है उनकी संपतियों को छोड़कर शेष संपत्तियों को फिर से बेचने की भी प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया।

## ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेषचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ षेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाष आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेश कुषवाह, दीक्षा निजामपुरकर, अनिता ठाकुर, सुभाश गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, गोपाल झालीवाल, राजेन्द्र पुरोहित, प्रफुलता तिवारी, शाहिदा कुरेशी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका
20/11/2021

# खुले में गंदगी करने पर स्पाट दल ने 9 व्यक्तियों पर किया जुर्माना

रतलाम। शहर में नगर निगम द्वारा बनाए गए स्पॉट फाईन दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दल ने 18 नवम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

नगर निगम प्रशासक एवं निगमायुक्त के निर्देश के बाद जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। खुले में गंदगी करने पर छाबड़ा ऑटो सेंटर मित्र निवास रोड पर 1000, अनवर हुसैन फुलमण्डी पर 200, मोहन टेलर न्यू रोड, शर्मा स्टेशन रोड पर 100, ओमप्रकाश, संजय स्टेशन रोड, प्रहलाद दो बत्ती, कपील महू रोड, सचिन कुमार न्यू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

**78 टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पहुंचा:** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया। गुरूवार को 78 टन से अधिक कचरा ग्राउण्ड पर पहुंचा। डम्पर से 25065, ट्रेक्टर से 13990, काम्पेक्टर सूखा कचरा 21275 व काम्पेक्टर गीला कचरा 18235 किलो इस तरह कुल 78565 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। नवभारत

नवभारत
20/11/2021

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 – टॉप 50 में जगह बनाने की चुनौती

# सफाई की परीक्षा का रिजल्ट आज पुरानी रैंक से आगे बढ़ने का विश्वास

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के आज जारी होने वाले परिणाम में शहर के सफाई स्तर की तस्वीर साफ होगी। गत वर्ष देश में 49वां स्थान मिला था और इस बार इससे आगे बढ़ने की उम्मीद व भरोसा प्रशासन व निगम अधिकारी जता रहे हैं। हालांकि सर्वेक्षण के तय मानकों में कचरा निष्पादन को लेकर ठोस इंतजाम नहीं होने से रैंक गत वर्ष के आसपास ही रहने की संभावना है।

**अब तक के सर्वे में शहर की रैंकिंग**

| वर्ष | रैंक |
|---|---|
| 2016 | 79 |
| 2017 | 48 |
| 2018 | 72 |
| 2019 | 62 |
| 2020 | 49 |

मालूम हो कि कोरोना संक्रमण के कारण इस बार निकायों में फील्ड सर्वे 1 मार्च से 28 मार्च 2021 तक किया गया था। 6000 अंक के सर्वे में एक भाग 40 प्रतिशत का जबकि दो भाग 30-30 प्रतिशत अंक के थे। वर्ष भर नगर निगम ने रांगोली, प्रभात फैरी से जागरूकता का संदेश दिया वहीं कचरा संग्रहण, निष्पादन और पृथक्कीकरण के लिए भी संसाधनों की वृद्धि कर सफाई का स्तर बढ़ाने की कोशिश की। इन प्रयासों के परिणाम को लेकर निगम अधिकारी आशान्वित हैं, लेकिन आमजन में सफाई को लेकर संतुष्टि का स्तर कम है। इसके चलते परिणाम पर असर आ सकता है।

### आमजन से फीडबैक लिया था कैसे होता है क़चरे का निष्पादन

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में निगम को खतरनाक श्रेणी के कचरे का निपटान करना जरूरी किया गया था। पालीथिन-प्लास्टिक के उपयोग रोकने के लिए किए गए इंतजामों के साथ ही दुकानदारों, होटल संचालकों, धर्मशाला, निजी, शासकीय कार्यालयों, आमजन से फीडबैक लिया गया। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) व सिटीजन वाइस के 1800 अंक, सर्टिफिकेशन-स्टार रेटिंग के 1800 अंक हैं। इसमें कचरा मुक्त शहर की स्टार रैंकिंग पर 1100 और ओडीएफ प्लस व ओडीएफ डबल प्लस के लिए 700 अंक तय किए गए हैं। निगम को स्टार रैंक, ओडीएफ डबल प्लस, सिटीजन वाइस में बढ़त मिलेगी, लेकिन कचरा निष्पादन के लिए प्लांट नहीं होने से रैंकिंग पर असर पड़ सकता है।

स्वच्छता की रैंकिंग अच्छी ही रहेगी। सफाई बेहतर करने के लिए रैंक ही नहीं आदत बदलने का काम भी सभी को मिलकर लगातार करना होगा, तभी इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। - सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नईदुनिया 20/11/21

नईदुनिया
20/11/21

# नगर निगम विकास शाखा की संपत्तियों की निगम आयुक्त झारिया ने की समीक्षा

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम



नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण हेतु विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास षाखा के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभाग द्वारा संपत्तियों के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की निराकृत व अनिराकृत संपत्ती दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्षियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के पृथक-पृथक पत्रक तैयार किये जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की सपंत्तियों का षीघ्र निराकरण किया जाये ताकि विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय किया जाकर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सकें। श्री झारिया ने निर्देशित किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तों के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने प्रक्रिया प्रारंभ करें।

वर्श 1995 में पहले आओ-पहले पाओ पद्धती से किये गये पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्श 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राषि जमा नहीं करने से निरस्ती योग्य तथा जिन व्यक्तियों द्वारा संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तों अनुरूप जमा की गई है उन संपत्तियों को छोड़कर शेष संपत्तियों को पुनः विक्रय किया जाना है इस हेतु कार्यवाही पूर्ण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा के अलावा गोपाल झालीवाल, राजेन्द्र पुरोहित, श्रीमती प्रफुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि उपस्थित थे।

सिंघम टाईम्स

# राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियां फिर से बेचने की तैयारी

## पहले बिक चुकी दुकानों के अलावा बची दुकानों की नपती शुरू कर दी है

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26 साल पुराने राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों को बेचने के लिए नगर निगम ने एक बार फिर कोशिश शुरू कर दी है। इसमें दुकान, ऑफिस चैंबर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लेट्स और भूखंड भी शामिल हैं। इसके लिए विकास शाखा ने पहले बिक चुकी दुकानों के अलावा बची हुई दुकानों की नपती प्रारंभ कर दी है।

शुक्रवार शाम इस संबंध में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठकर इंजीनियरों को निराकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसमें निराकृत संपत्ति जिनकी रुपए जमा है, उनकी जल्द रजिस्ट्री करवाई जाएगी। इसमें अलावा 1995 और 2016 में विक्रय करने के बाद शर्त अनुसार राशि जमा नहीं कराई जाने वाली संपत्तियों को छोड़ दिया जाएगा। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेष, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, अरविंद दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य आदि मौजूद रहे।

### दुकान, फ्लैट और भूखंड, दस से ज्यादा प्रकरण कोर्ट में

राजीव गांधी सिविक सेंटर योजना क्रमांक 71 में फ्लैट, दुकान व ऑफिस चैंबर खरीदने वाले 203 लोग ढाई साल से भटक रहे हैं। भू-भाटक नहीं भरने से नगर निगम फ्लेट्स, प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कर पा रहा क्योंकि नियमानुसार जमीन आवंटन होना है। सिविक सेंटर में 349 दुकान, फ्लैट, भूखंड, ऑफिस चैंबर व गोदाम हैं। 3 बार कोशिश में 172 का ही पंजीयन हुआ व 177 को खरीदार नहीं मिले। अप्रैल-मई 2016 में हुई नीलामी में अधिकारियों की गलती से नियम विरुद्ध करीब 28 संपत्तियों की पंजीयन राशि चेक से ले ली गई। इनमें से कुछ को लौटा दी है। इसके अलावा दुकान, फ्लैट, भूखंड के 10 से ज्यादा प्रकरण कोर्ट में हैं।

बता दें कि प्रथम नगर निगम परिषद में योजना क्रमांक 71 में राजीव गांधी सिविक सेंटर बना था। निगम ने संपत्ति बेचना शुरू कर दिया था लेकिन भूभाटक जमा नहीं कराने के कारण रोक थी। अभी भी नगर निगम को 6.5 करोड़ को भूभाटक जमा कराना है। उसके बाद रजिस्ट्री हो पाएगी।

भास्कर
20/11/21

**स्वच्छता सर्वेक्षण का रिजल्ट होगा घोषित : नई दिल्ली में राष्ट्रपति देंगे पुरस्कार**

# इंदौर आज लगा सकता है स्वच्छता का पंच

## अधिकारी हुए रवाना, सफाई मित्र को विशेष तौर पर दिल्ली बुलाया

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

इंदौर. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के परिणाम शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद स्वच्छता में सबसे आगे रहने वाले शहरों को अवॉर्ड देंगे। इंदौर इस बार इतिहास रचते हुए लगातार पांचवीं बार फिर से नंबर वन आ सकता है। समारोह में भाग लेने के लिए इंदौर नगर निगम प्रशासक डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर मनीष सिंह, निगमायुक्त प्रतिभा पाल, अपर आयुक्त संदीप सोनी, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा सहित अन्य 18 लोगों की टीम शुक्रवार को दिल्ली पहुंची। निगमायुक्त ने रामबाग क्षेत्र की सफाई व्यवस्था संभालने वाली सफाई मित्र इंदिरा बाई को भी विशेष तौर पर इंदौर से दिल्ली बुलाया है।

## दो अवार्ड तय, एक की घोषणा होगी आज



**इंदौर** को दो अवार्ड मिलना तय है। सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज का पुरस्कार इंदौर ने जीत लिया है। यह अवार्ड शनिवार को केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी इंदौर के अधिकारियों को देंगे। इसके अलावा 5 स्टार सिटी के लिए भी इंदौर को राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार मिलेगा।

## इंदौर में किया जाएगा लाइव प्रसारण

राष्ट्रपति भवन में सुबह 11 बजे से होने वाले इस आयोजन का प्रसारण इंदौर में जनता देख सके, इसके लिए शहर में 10 स्थानों पर समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। नगर निगम ने खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, राजबाड़ा, पलासिया (सेल्फी पाइंट), मेघदूत उपवन, राजेंद्र नगर (स्टेशन के पास), निगम मुख्यालय, मूसाखेड़ी, मरीमाता, कालानी नगर चौराहे पर इसकी व्यवस्था की है।

पत्रिका
20/11/2021

# निगम ने 10 रुपए में बेच दी शहर की सड़कें

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठा सड़क पर लग रही सब्जी दुकानों का मुद्दा

### निगम की बाजार बैठक वसूली ट्रैफिक में बाधा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लंबे अंतराल के बाद शुक्रवार दोपहर सड़क सुरक्षा समिति की उपसमिति की बैठक हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में दो घंटे चली बैठक में सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी सब्जी मंडी का मुद्दा छाया रहा। दोपहर 12 बजे जैसे ही बैठक शुरू हुई। बाजार में सड़क किनारे लगने वाली सब्जी मंडी की चर्चा शुरू हो गई। सड़क सुरक्षा समिति सदस्यों ने कहा सड़क किनारे लगने वाली सब्जियों की दुकानों से ट्रैफिक जाम होता है। नगर निगम ने दस रुपए की रसीद के चक्कर में शहर की सड़कें बेच दी । निगम द्वारा 10-20 रुपए की रसीदें काटी जा रही हैं। इसके बाद सब्जी विक्रेता इस रसीद को जागीरदारी समझ लेते हैं और सब्जी टोपले सड़क तक रख देते हैं। इसके बाद ग्राहक अपना वाहन सड़क पर खड़ाकर सब्जी खरीदता है। इससे जाम होता है। इस पर एसपी गौरव तिवारी ने आयुक्त से कहा आप ध्यान दीजिए।

### बैठक के दौरान व्यापारियों ने ये सुझाव दिए

- दिनभर सब्जी बिक रही है। सब्जी बिक्री का समय तय किया जाए। ताकि उस दौरान ही सब्जी बिके और ट्रैफिक बाधित ना हो।
- धानमंडी शहर का थोक किराना बाजार है। यहां रोज ट्रक आते हैं। ठंड आ गई है। हम्माल नहीं मिलते हैं। इससे वाहनों का समय दो घंटा ज्यादा बढ़ाया जाए।
- कोटा में सब्जी मंडी रात आठ बजे लगती है। इससे रतलाम में भी रात में सब्जी मंडी लगाई जाए।
- जावरा फाटक पर अस्थायी बस स्टैंड चल रहा है। जावरा से आने वाली सवारी यहां उतारी जाती है, तो ऑटो चालक मनमाना किराया वसूलते हैं। यह बस स्टैंड जब तक महू रोड पर शिफ्ट नहीं होता है तब तक यहां पांच मैजिक का स्टैंड बनाया जाए ताकि यात्रियों को सस्ती पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा मिल सकें।

### स्टेशन के बाहर स्थित प्री पेड बूथ का मुद्दा भी उठा

बैठक में स्टेशन के बाहर स्थित प्री पेड बूथ का मुद्दा भी उठा। एसपी ने सीएसपी से पूछा कि स्टेशन के बाहर प्री पेड बूथ का क्या हुआ। इस पर मैजिक टेम्पो यूनियन के संरक्षक राजकुमार जैन लाला ने कहा स्टेशन के बाहर ट्रेनें आते ही सवारियों के चक्कर में चाहे जहां ऑटो खड़े हो जाते हैं। प्री पेड बूथ बंद है। स्टेशन के बाहर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस, जीआरपी या रेलवे प्रशासन में से कौन जवाबदार है। प्री पेड बूथ चालू किया जाए। वहीं रतलाम में ऑटो की भरमार हो गई है। जितनी आवश्यकता है उतने ही परमिट दिए जाएं। मैजिक टेम्पो यूनियन के अध्यक्ष अशोक पंचोली ने कहा कि मैजिक स्टैंड के लिए बोर्ड लगना थे लेकिन नहीं लगे। सड़क के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह सब्जी की दुकानें लग रही है। यदि इन्हें व्यवस्थित किया जाए तो यातायात सुगम हो सकता है। इस मौके पर श्यामलाल व्यास, अब्दुल हमीद, आजम खान सहित अन्य मौजूद थे।

### तीन दिन में डलेगी शहर में ट्रैफिक लाइन

यातायात सुधार के लिए नगर निगम द्वारा शहर में ट्रैफिक लाइन डाली जा रही है। आयुक्त ने बताया तीन दिन में ट्रैफिक लाइन डाल ली जाएगी। लाइन के बाहर सामान मिलने पर इसे जब्ती में लिया जाएगा।

### जनसहयोग से ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएं

बैठक में थोक किराना व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया शहर में ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत है। इससे जनसहयोग से इन्हें लगाया जाए। ताकि ट्रैफिक में सुधार हो सकें। वहीं मुख्य बाजारों में यातायात सुधार के लिए पुलिस जवानों की व्यवस्था की जाए। सभी के सहयोग से भी व्यवस्था की जा सकती है।

भास्कर
20/11/21

नईदुनिया
इंदौर, शनिवार 20 नवंबर, 2021

नईदुनिया 20/11



# झाली तालाब पर जगमगाए दीये

## नईदुनिया की पहल पर सामाजिक संस्थाओं के सदस्य व नागरिक पहुंचे

नईदुनिया के संग
देव दीपावली




रतलाम के झाली तालाब पर कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान करते हुए नागरिक। ●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार शाम नईदुनिया की पहल पर कालिका माता मंदिर परिसर स्थित झाली तालाब पर देव दीपावली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें धार्मिक, सामाजिक, व्यापारी, कर्मचारी सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए और एक हजार से अधिक दीप जलाकर देव दीपावली मनाई गई।

मालूम हो कि हमारी सनातन संस्कृति में कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली देव दीपावली में नदी, तालाब और जल स्रोत के किनारे दीप जलाने की परंपरा रही है। ऐसा माना जाता है कि इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसी मान्यता व परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से नईदुनिया ने देव दीपावली का कार्यक्रम आयोजित किया।

### इनकी रही सहभागिता

आयोजन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, काकानी फाउंडेशन के गोविंद काकानी, गायत्री परिवार के विवेक चौधरी, खुशी एक पहल के अमन माहेश्वरी, पतंजलि युवा भारत के विशाल वर्मा, दृश्य वेलफेयर सोसाइटी की नवोदित बैरागी, रत्नपुरी सीनियर सिटीजन संस्था की शबाना खान, अरविंद सोसायटी के अमित श्रीवास्तव, वीर सावरकर मंच के प्रभु नेका, जय कैला माता शैक्षणिक संस्था के विजय शर्मा, आभा शर्मा, सेवा रागर वेलफेयर सोसाइटी के संजय कसेरा, सृजन फाउंडेशन के अंशुल सोनी, झलक काकानी, तरुण पांचाल, पलक माहेश्वरी, दिशा नांदेचा, शिवानी कसेरा, योगेश व्यास, निखिलेश सोनी, भूपेंद्र गहलोत, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मदन मोहन साहू, अनिल सैनी, प्रदीप गुप्ता, प्रेमलता साहू, ऋतु सैनी, श्वेता चौधरी, प्रगति गुप्ता, किशोर पाठक, संध्या पाठक, लोकेंद्र सिंह सिसौदिया, गिरिश नेका, श्री वीर तेजा सेना भारत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुसुम चाहर और श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला समिति की महिलाएं शामिल हुईं। आयोजन में ईको फ्रेंडली दीयों में दीपक जलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।



रतलाम के झाली तालाब पर दीपदान करते हुए युवा। ●नईदुनिया

### दीपों से जगमगाए जलाशय

हिंदू धर्म में कार्तिक के महीने में आने वाली पूर्णिमा का खास महत्व है। पुराणों के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्वर्ग से देवता धरती पर आकर देव दिवाली मनाते हैं। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर व्रत रखने और दानपुण्य करने से भी खास लाभ प्राप्त होता है। शुक्रवार को शहर सहित अंचल में कार्तिक पूर्णिमा परंपरानुसार मनाई गई। पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। शहर सहित अंचल में अनेक स्थानों पर धर्मालुओं ने सुबह स्नान-ध्यान करने के बाद क्षमतानुसार दानपुण्य किया। जलाशयों में दीप भी जलाए गए। शहर के कालिका माता मंदिर परिसर स्थित झाली तालाब, अमृत सागर तालाब, हनुमान ताल, सूरजमल जैन तालाब आदि स्थानों पर टाटियां छोड़ी गईं। दीपों की रोशनी से जलाशय क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठे।

नईदुनिया
20/11/21

**सख्ती का असर दिखने लगा**

# 19 दिन में 13% बढ़ गया दूसरे डोज का वैक्सीनेशन, सिर्फ 21% लोग ही बाकी

## 79% लोग वैक्सीनेटेड, केंद्रों के बराबर मोबाइल टीमें भी लगा रहीं वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम



शहर में 19 दिन में 13% दूसरे डोज का वैक्सीनेशन बढ़ गया है। सिर्फ 21% लोग बाकी है, जिन पर प्रशासन नजर लगाकर बैठा है।

हमारे जिले को जल्द से जल्द 100% वैक्सीनेटेड करने पर काम हो रहा है। जिले में अब तक 2.40 लाख लोगों को पहला डोज लगा था, इनमें से 1.90 लाख लोगों को सेकंड डोज लग चुका है, जोकि 79.35% है। वहीं, 31 अक्टूबर तक 67.59% लोगों को ही दूसरा डोज लगा था।

**शादियों में जा रही टीम :** इधर, कलेक्टर ने सभी केटरिंग वालों को वैक्सीनेटेड होने का कहा है। इसकी जांच के लिए वैक्सीनेशन की टीम शादियों में भी जा रही है। शहर के छोटे बड़े मैरिज गार्डन में काम करने वाले कर्मचारियों का रिकॉर्ड देखा जा रहा है। वहीं, स्पाट पर ही वैक्सीन भी लगाई जा रही है।

**शहर में वैक्सीनेशन :** सबसे ज्यादा रतलाम शहर में वैक्सीनेशन हुआ है। वहीं, सबसे कम सैलाना में 39% लोगों को ही टीके लगे है। जिले में दूसरे नंबर पर रतलाम ग्रामीण है, जहां 62% लोगों को वैक्सीन का दूसरा टीका लग चुका है। बाजना में 42.62% लोगों को ही दूसरा टीका लगा है।

### कहां-कितना वैक्सीनेशन

| ब्लॉक | पहला डोज | दूसरा डोज |
|---|---|---|
| रतलाम शहर | 104.73 | 79.35 |
| रतलाम ग्रामीण | 92.28 | 62.18 |
| सैलाना | 97.80 | 39.00 |
| पिपलौदा | 83.54 | 60.92 |
| जावरा | 99.48 | 59.05 |
| बाजना | 73.99 | 42.60 |
| आलोट | 93.53 | 56.24 |

**अब तक 16 लाख से ज्यादा टीके :** जिले में 16 लाख टीके लगाए जा चुके हैं, इनमें से 10.33 लाख लोगों को पहला डोज तो 6.26 लाख लोगों को दूसरा डोज लगा है। 2340 लोगों को स्पूतनिक-वी के भी टीके लगे हैं।

भास्कर
20/11/2021

**सफाई की परीक्षा** • आज दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 का परिणाम

# निगम को जीएफसी में भी बुलावा नहीं, स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने का अंदेशा

## कागजों में बताए काम धरातल पर नहीं उतार पाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम



सफाई को लेकर नगर निगम द्वारा सालभर में किए काम की सच्चाई शनिवार को सामने आ जाएगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 का परिणाम जारी होगा। नगर निगम किस नंबर पर रहेगी अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि सरकार ने गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) अवॉर्ड के लिए वन स्टार रेटिंग वालों को दिल्ली बुलाया है।

विपरीत इसके निगम अफसरों को कोई बुलावा नहीं मिला है। जीएफसी ही नहीं भोपाल मुख्यालय ने जिम्मेदारों को स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग बिगड़ने के भी संकेत दे दिए हैं। हालांकि अफसर को रैंकिंग सुधरने की उम्मीद है, लेकिन राजधानी से मिल रहे फीडबैक की माने तो यह घटकर 50 से 60 के बीच या उससे भी पार जा सकती है। 2020 में शहर को 49वीं रैंक मिली थी।

## सख्ती से होगी सफाई की परीक्षा, 1500 अंक बढ़ाकर 7500 किए



इसलिए पिछड़ेगी सफाई की रैंकिंग, यह हालत है नगर निगम बिल्डिंग के मुख्य द्वार के सामने लगे डस्टबिन की, जो कई महीनों से स्टैंड से टूटकर आसपास पड़े हैं। अफसर रोजाना आते-जाते है, लेकिन ठीक नहीं करवाया।

2021 के परिणामों में इतर निगम ने 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी शुरू कर दी है, जो इस बार और सख्त होगा। सर्वेक्षण 6000 से बढ़ाकर 7500 अंकों का होगा। इसमें कोरोना महामारी से सीख लेकर जोड़ा आपदा प्रबंधन, कचरा प्रबंधन की डिजीटल ट्रेकिंग, डिजास्टर रिस्पांस, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों की डिजिटल ट्रैकिंग सहित कई नए मापदंड जोड़े हैं। इन्हें पूरा करना निगम अफसरों के लिए चुनौती से कम नहीं हैं। सफाई की रेगुलर परीक्षा अप्रैल से दिसंबर की बजाए जुलाई से जनवरी तक तीन फेस में होगी। इनमें जुलाई-अगस्त का पहला फेस 400 अंक, सितंबर-अक्टूबर का दूसरा फेस 600 अंक और नवंबर-दिसंबर-जनवरी का तीसरा फेस 2000 अंक का होगा। निगम हर माह एमआईसी से तमाम जानकारी अपलोड कर रहा है।

## रिजल्ट में किस वर्ग में क्या मिलने की उम्मीद

- **स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 :** क्यूसीआई ने अप्रैल-मई में चुपचाप सर्वे किया था। 6000 अंक के सर्वेक्षण में से नगर निगम को 3000 से 4000 तक मिल सकते हैं। 50 से 60 के बीच रैंक बनने की उम्मीद। हालांकि निगम का दावा 4500 से 5000 के बीच का है।
- **सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अवार्ड :** इसमें भी निगम के हाथ खाली ही रहेंगे। चैलेंज के तहत सैप्टिक टैंक, सीवर आदि की सफाई पूरी तरह मशीन से करना थी। निगम के पास एक जेट लगा ट्रैक्टर और एक 40 लाख की सक्शर मशीन है, उनसे भी ठीक से काम नहीं हो रहा।
- **गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) अवार्ड :** इस बार भी निगम 100 प्रतिशत कचरा उठाने में पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाया। एक या शून्य रेटिंग मिल सकती है। 2019 में पहली बार हुए सर्वे में [illegible] के बदले टू स्टार रेटिंग [illegible]। वहीं 2020 में थ्री स्टार के दावे के विपरीत शून्य रेटिंग मिली थी।

भास्कर
20/11/21

# घर-घर नल से पानी पहुंचाने के लिए प्रदेश को सबसे पहले मिले दूसरी किस्त के 1280 करोड़ रु.

भास्कर संवाददाता | भोपाल

जल जीवन मिशन में एक साल के भीतर घर-घर नल से पानी के लिए 80 प्रतिशत राशि खर्च करने पर मध्यप्रदेश को केंद्र सरकार ने 1280 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त जारी कर दी है। जल शक्ति मंत्रालय ने मध्यप्रदेश को देश में सबसे पहले दूसरी किस्त दी है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक हर गांव के घर तक नल से पानी पहुंचाने की तैयारी है।

जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन में प्रदेश के 1279 करोड़ 19 लाख रुपए जारी किए हैं। प्रदेश को सबसे पहले राशि मिलने की वजह सबसे तेज काम करने और आवंटित राशि को खर्च करना है। किसी राज्य को दूसरी किस्त नहीं मिली है। प्रदेश सरकार ने प्रोजेक्ट में केंद्र से मिली राशि में राज्य का अंशदान देकर 80 फीसदी राशि अभी तक खर्च कर दी है। अभी तक 5,117 करोड़ रुपए की वित्तीय राशि स्वीकृत होकर काम चल रहे हैं। इतना ही पचास फीसदी अंशदान राज्य का है। जल जीवन मिशन में प्रदेश के हर गांव में घरों तक पाइप लाइन बिछाने की तैयारी है। मिशन के तहत प्रदेश में 2023-24 तक 100 फीसदी घरेलू नल जल कनेक्शन (FHTC) के लिए गांवों में तेजी से काम चल रहा है।

भास्कर
20/11/2021

# कार्तिक पूर्णिमा : सुख, शांति और समृद्धि के लिए झाली तालाब में दीपदान



रतलाम | कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को दिनभर शहर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला चला। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे थें। इस मौके पर कई मंदिरों में अन्नकूट और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान का विशेष महत्व है। इससे धन-पुण्य व सुख-समृद्धि की कामना से शाम होते ही शहर के झाली तालाब और हनुमान ताल में महिलाएं पहुंचने लगी थीं। उन्होंने जलाशय के पानी में प्रज्ज्वलित दीप अर्पित कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। अधिकांश महिलाओं ने कालिका माता मंदिर परिसर स्थित झाली तालाब में दीपदान किया। इसके पानी में जगमग दीपों के बीच तालाब के आसपास लगी लाइट की रोशनी काफी मनोहारी लग रही थी। फोटो-चिंटू मेहता

# खुले में गंदगी करने पर स्पाट दल ने 9 व्यक्तियों पर किया जुर्माना

**रतलाम। शहर में नगर निगम द्वारा बनाए गए स्पॉट फाईन दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दल ने 18 नवम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।**

नगर निगम प्रशासक एवं निगमायुक्त के निर्देश के बाद जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। खुले में गंदगी करने पर छाबड़ा ऑटो सेंटर मित्र निवास रोड पर 1000, अनवर हुसैन फुलमण्डी पर 200, मोहन टेलर न्यू रोड, शर्मा स्टेशन रोड पर 100, ओमप्रकाश, संजय स्टेशन रोड, प्रहलाद दो बत्ती, कपील महू रोड, सचिन कुमार न्यू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

**78 टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पहुंचा:** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया। गुरूवार को 78 टन से अधिक कचरा ग्राउण्ड पर पहुंचा। डम्पर से 25065, ट्रेक्टर से 13990, काम्पेक्टर सूखा कचरा 21275 व काम्पेक्टर गीला कचरा 18235 किलो इस तरह कुल 78565 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।